E-ISSN: 3048-6041 | Volume- 2, Issue- 10 | October 2025

आजमगढ़ में ग्रामीण विकास एवं कृषि: एक भौगोलिक परिप्रेक्ष्य

भूपेन्द्र यादव [1], शिवा पटेल [2], डॉ. अनुपमा सिंह [3]

[1,2] शोध छात्र, भूगोल विभाग, डी.ए-वी.पी.जी. कॉलेज कानपुर (उ.प्र.)

[3] असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग, डी.ए-वी.पी. जी. कॉलेज कानपुर(उ.प्र.)

सारांश

वर्तमान शोध-पत्र उत्तर प्रदेश राज्य के आजमगढ़ जिले में ग्रामीण विकास और पर्यावरण स्थितियों में गतिशील परिवर्तनों में कृषि की भूमिका का व्यापक स्वरुप में अध्ययन करने का एक प्रयास है। भौगोलिक दृष्टिकोण से, यह जिला पिछले दो दशकों में भूमि उपयोग, कृषि पद्धतियों, बुनियादी ढांचे और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में परिवर्तन की पड़ताल करता है। अध्ययन में ग्रामीण परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीतियों, प्रवास, आधुनिकीकरण और पारिस्थितिक तनाव की भूमिका की पहचान की गई है। द्वितीयक डेटा विश्लेषण और क्षेत्र सर्वेक्षणों का संयोजन बदलते ग्रामीण-पर्यावरण इंटरफेस की व्यापक समझ प्रदान करता है।

मूल शब्द: ग्रामीण विकास, पर्यावरण, भूमि उपयोग, कृषि, पलायन, आजमगढ़, भौगोलिक अध्ययन, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन।

1. प्रस्तावना

ग्रामीण विकास से तात्पर्य ग्रामीण परिवेश के लोगों का सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक जीवन के उत्थान से हैं। जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता एवं आर्थिक कल्याण हो सके और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक सशक्त हो सके। सामाजिक उत्थान का अर्थ है ग्रामीण समाज में समानता, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय की स्थापना करना। आर्थिक उत्थान का तात्पर्य है कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, ग्रामीण हस्तशिल्प आदि के माध्यम से आय और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि आधारभूत स्तंभ के रूप में रही है तथा लघु एवं कुटीर उद्योग उत्पादन में कृषि का बड़ा योगदान रहा है। ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र कृषि ग्रामीणों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार का साधन है। भारत में अधिकतर कृषि क्षेत्र सिंचाई के लिए मानसून पर आधारित है, इसलिए सरकार बांधों और नहरों द्वारा तथा सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सुधार करने का प्रयास कर रही है। साथ ही ग्रामीण विकास के लिए लघु और कुटीर उद्योगों की स्थापना सरकार के प्रोत्साहन से पूरे भारत में की गई है। देश के आर्थिक विकास में द्वितीयक क्षेत्र अर्थात उद्योगों के लिए कच्चे माल की आवश्यकताओं की पूर्ति कृषि उत्पादन से ही होती है।

नंदिनी फ्रांसिस (2015) के अनुसार ग्रामीण विकास ग्रामीण लोगों की आजीविका के लिए किए गए परिवर्तनों की एक प्रक्रिया है। यह व्यापक रूप से लोगों के जीवन में होने वाले बदलावों को दर्शाता है। मधुर (2010) के अनुसार कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं की नवीनतम नीतिगत व्यवस्थाओं, सरकारी कार्यक्रमों और दिशा-निर्देशों का विस्तृत वर्णन किया गया है। विनीता रानी एक्का (2020) के अनुसार ग्रामीणों के जीवन स्तर और आर्थिक सुरक्षा को बढ़ाने की प्रक्रिया को ग्रामीण विकास कहा जाता है। 2011 की जनगणना के अनुसार 68 से 84 प्रतिशत लोग गांवों में रहते थे, जो आज भी प्रभावी स्थिति में हैं। ग्रामीण क्षेत्र की लचर अर्थव्यवस्था ही समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण बाधा

प्रतीत होती है। भारत के ग्रामीण विकास ने वर्षों से अपनी कार्यप्रणालियों, नीतियों और योजनाओं के संदर्भ में कई परिवर्तन देखे हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थित आजमगढ़ मुख्य रूप से ग्रामीण और कृषि प्रधान है। पिछले कुछ दशकों में, शहरी प्रभाव, प्रवास प्रवृत्तियों, तकनीकी हस्तक्षेप और पर्यावरणीय बदलावों के कारण इसके विकास पथ में बड़े बदलाव हुए हैं। इस शोधपत्र का उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि ग्रामीण विकास और पर्यावरणीय परिस्थितियाँ कैसे बदली हैं, और भौगोलिक कारक जो इन परिवर्तनों को प्रभावित करते हैं।

2. शोध अध्ययन का उद्देश्य

- आजमगढ़ जिले में ग्रामीण विकास संकेतकों में परिवर्तन की जांच करना।
- ग्रामीण परिवर्तन को प्रभावित करने वाले भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक कारकों की पहचान करना।
- सतत विकास प्रथाओं की सिफारिश करना।

3. अध्ययन क्षेत्र

वर्तमान शोध हेतु पूर्वी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का चुनाव किया गया है। आजमगढ़ उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वी भाग में स्थित एक प्रमुख जिला है। यह जिला पूर्वांचल क्षेत्र का हिस्सा है और गोरखपुर मंडल में आता है।आजमगढ़ की सीमाएँ उत्तर में मऊ, पश्चिम में गाजीपुर और जौनपुर, दक्षिण में गोरखपुर तथा पूर्व में बलिया जिले से मिलती हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 4,054 वर्ग किमी हैं। जिले कि अनुमानित जनसंख्या (2021) लगभग 50 लाख है। जिले में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र हैं जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग है, जिला मुख्यतः 8 तहसीलों और 22 विकास खंडों में विभाजित है ।



मानचित्र संख्या-1 . आजमगढ़ जिले की अवस्थित एवं विस्तार

4. शोध विधि एवं कार्यप्रणाली

शोध हेतु आकंडे का स्रोत विशेष रूप से जनगणना रिपोर्ट (2001, 2011, 2021 अनुमान) हैं इस के साथ-साथ जिला सांख्यिकी पुस्तिका से एकत्रित किया गया है। शोध में क्षेत्र सर्वेक्षण और स्थानीय किसानों और अधिकारियों के साथ साक्षात्कार को भी शामिल किया जायेगा। साथ ही साथ निम्न कार्यप्रणाली का उपयोग किया गया है-

- पर्यावरणीय प्रभाव आकलन
- स्थानिक विश्लेषण (वैकल्पिक जीआईएस मानचित्रण)
- गुणात्मक साक्षात्कार और केस स्टडी

5. आजमगढ़ में ग्रामीण विकास: बदलते आयाम

आजमगढ़ जिले में ग्रामीण विकास के स्वरूप में पिछले दो दशकों में तेज़ बदलाव देखने को मिला है। पहले जहां ग्रामीण जीवन मुख्यतः आत्मनिर्भर कृषि, सीमित संसाधनों और पारंपरिक आजीविका पर आधारित था, वहीं अब बाजारोन्मुख कृषि, बुनियादी ढांचे का विस्तार, और सरकारी योजनाओं के प्रभाव के चलते गांवों में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन तेज़ी से हो रहे हैं। कृषि क्षेत्र में परंपरागत फसलों की जगह नकदी फसलों का चलन बढ़ा है। सिंचाई, बीज और तकनीक के स्तर पर विकास हुआ है, लेकिन इसके साथ मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट और भूजल का अत्यधिक दोहन जैसी पर्यावरणीय समस्याएँ भी सामने आई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सुधार ने ग्रामीण जीवन को प्रभावित किया है। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने गरीबी में कमी और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। हालाँकि, यह विकास समान रूप से नहीं फैला है—कुछ क्षेत्र प्रगति कर रहे हैं जबकि कुछ अब भी पिछड़े हुए हैं। इसके अलावा, प्रवासन, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, और स्थानीय प्रशासन की अक्षमता जैसी समस्याएं सतत विकास के लिए चुनौती बनी हुई हैं। इसलिए ज़रूरत है कि विकास योजनाएँ स्थानीय जरूरतों, पर्यावरणीय संतुलन, और सामाजिक न्याय को ध्यान में रखकर बनाई जाएं। केवल संतुलित, समावेशी और सतत विकास से ही आजमगढ़ का ग्रामीण क्षेत्र दीर्घकालिक उन्नति की ओर बढ़ सकता है। कुछ महत्वपूर्ण बदलते आयामों कि विस्तृत चर्चा निम्लिखित है:

5.1 आज़मगढ़ जिले में कृषि का बदलता स्वरूप:

यह देखा गया कि कृषि निर्वाह से नकदी फसलों की ओर बदलाव बहुत तेजी से हुआ साथ ही उर्वरकों और HYV बीजों का उपयोग भी बढ़ता गया । आज़मगढ़ जिला परंपरागत से वाणिज्यिक कृषि की ओर लगातार अग्रसर रहा जो कि हमेशा परंपरागत रूप से आत्मनिर्भर कृषि (subsistence farming) पर आधारित रहा है, जिले ने पिछले दो दशकों में वाणिज्यिक या बाज़ार-उन्मुख कृषि की ओर एक स्पष्ट बदलाव देखा है। इस परिवर्तन के पीछे आर्थिक दबाव, जलवायु परिवर्तनशीलता, सरकारी प्रोत्साहन, तकनीकी प्रगति और प्रवासी मजदूरों द्वारा भेजे गए धन जैसे कई कारक जिम्मेदार हैं। यह देखा गया कि पारंपरिक आत्मनिर्भर कृषि (2000 से पूर्व)फसल प्रणाली में धान, गेहूं, दालें और सरसों प्रमुख थीं। सिंचाई मुख्यतः मानसून और उथले नलकूपों पर ही निर्भर रही साथ ही खाद, कीटनाशकों और मशीनों का सीमित प्रयोग हुआ । जबकि आजीविका मॉडल मुख्यतः आत्म-खपत के लिए उत्पादन किया करती थी ; बाजार के लिए अत्यंत सीमित अधिशेष रहा एवं परिवार आधारित श्रम कि बाहुल्यता थी ; मजदूरी या मशीनरी का कम प्रयोग हुआ करता था । नकदी फसल और उच्च उपज वाली कृषि की ओर बदलाव हुआ तथा इस परिवर्तन के कारक सरकारी नीतियाँ रही जिसमे HYV (उच्च उपज वाली किस्में), MSP (न्यूनतम समर्थन मूल्य), उर्वरक और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी महत्वपूर्ण थे । निकटवर्ती शहरी क्षेत्रों (जैसे वाराणसी, गोरखपुर) में गन्ना, सब्जियाँ और मौसमी फलों की बढ़ती बाजार मांग कि भूमिका भी स्पष्ट रही । कृषि कार्यों में में तकनीकी का प्रवेश जैसे ट्रैक्टर, थ्रेशर,

पंपसेट्स और मंडी मूल्य तथा मौसम की जानकारी के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग भी महत्वपूर्ण रहें । यहाँ यह स्पष्ट तौर पर समझना ज़रूरी हैं कि प्रवासन और प्रेषण कि भूमिका के स्वरुप भी ज़रूरी रहें जैसे कि बाहर कमाने गए लोग कृषि में निवेश करते हैं जैसे-बोरवेल, पॉवर टिलर, भंडारण इकाइयाँ आदि।

पूर्व में आत्मनिर्भर कृषि प्रणाली का संचालन था जिस में मुख्य फसलें धान, गेहूं, मसूर गन्ना, आलू, फूलगोभी एवं धान इत्यादि थे प्रमुख परिवर्तन अब बाज़ार-उन्मुख कृषि के रूप में देखा जाता है जिसमे मुक्ज्य रूप से जैविक खाद, देशी बीज,रासायनिक उर्वरक एवं हाइब्रिड बीज का उपयोग प्रचलन में आया। सिंचाई के स्रोत मौसमी तालाब, वर्षा आधारित बोरवेल, ट्यूबवेल, सोलर पंप हुआ करते रहें तथा उत्पादन का उद्देश्य आत्मनिर्भरता के साथ साथ अधिशेष उत्पादन भी था जिस से बिक्री हेतु उत्पादन हो सके ,पूर्व में अन्न भंडारण घर के भंडार में होता था साथ ही पारंपरिक पध्यती का बोलबाला था अबस्थानीय गोदाम एवं सीमित कोल्ड चेन भडारण हेतु उपलब्ध हैं। कृषि प्रणाली में बदलाव का सकारात्मक परिणाम एवं प्रभाव रहा जिसमे उपज में वृद्धि (HYV और उर्वरकों के कारण प्रति एकड़ उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि), आय में वृद्धि (गन्ना, आलू जैसे वाणिज्यिक फसलें उगाने वाले परिवारों की वार्षिक आय 30-50% तक बढ़ी), रोज़गार (मशीनीकरण से भूमिहीन मज़दूरों को मौसमी रोज़गार के अवसर मिले) तथा अन्य विविधता पूर्ण प्रभाव में ग्रामीण परिवार फूलों की खेती, डेयरी और बागवानी की ओर भी बढ़े जिस से उनके जीवन में आमदनी के नए स्रोत भी आयें हैं ।

उन्नत कृषि प्रणाली हेतु जिले में सरकार (केंद्र एवं राज्य कि योजनायें) और स्वयंसेवी संस्थाओं के पहल से किसानोपयोगी मार्ग तैयार हुए। इस में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई और नहरों के पुनर्वास के लिए कृषको को वृहद् स्तर पर सहायता प्राप्त हुआ । सरकार द्वारा संचालित मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना से उर्वरकों के संतुलित प्रयोग को बढ़ावा मिला एवं किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) से छोटे और सीमांत किसानों को सस्ते ऋण उपलब्ध हुए साथ ही किसान उत्पादक संगठन (FPO) के माध्यम से किसानों को संगठित कर उत्पाद का बेहतर विपणन सुनिश्चित किया गया ।

आज़मगढ़ की कृषि प्रणाली तेजी से आत्मनिर्भरता से वाणिज्यिक और इनपुट-प्रधान मॉडल की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव ने आय और अवसरों के नए द्वार तो खोले हैं, लेकिन साथ ही यह पारिस्थितिक और आर्थिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करता है। आवश्यक है कि यह विकास संतुलित, टिकाऊ और भौगोलिक रूप से संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ हो ताकि ग्रामीण विकास प्रकृति के नुकसान की कीमत पर न हो।

5.2 बुनियादी ढाँचा: ग्रामीण सड़कों, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार:

बुनियादी ढांचा ग्रामीण विकास की रीढ़ है। आज़मगढ़ जिले में पिछले दो दशकों में भौतिक और डिजिटल ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, जिन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रूपांतरित करने, संपर्क बेहतर बनाने और सेवाओं तक पहुँच को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह खंड उन निवेशों और योजनाओं का विश्लेषण करता है जिन्होंने जिले के अवसंरचना परिदृश्य को पुनः परिभाषित किया है। यदि सड़क अवसंरचना का विकास पर एक नज़र डाली जाये तो वर्ष 2000 से पहले की स्थिति में अधिकांश ग्रामीण सड़कें कच्ची (मिट्टी की) थीं, जो मानसून के दौरान उपयोग में नहीं लाई जा सकती थीं।गांवों और निकटवर्ती शहरी केंद्रों के बीच संपर्क अत्यंत सीमित था।बाज़ार, स्वास्थ्य सेवाओं और स्कूलों तक पहुंच में कठिनाई थी। जबकि हालिया विकास जिस में मुख्यतः प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) इस क्षेत्र में बदलाव लाने वाली योजना सिद्ध हुई है। आज़मगढ़ में 2,000 किमी से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण या उन्नयन किया गया है।अब अधिकांश गांवों को तहसील और जिला मुख्यालय से ऑल वेदर (हर मौसम की) सड़कों द्वारा जोड़ा जा चुका है। कृषि परिवहन, एम्बुलेंस, और स्कूल बसों के लिए अंतर्वर्ती गांव और ब्लॉक

स्तर पर संपर्क में सुधार हुआ है। इस विकास का प्रभाव व्यकियों के जीवनशैली में देख गया जैसे कि यात्रा समय और परिवहन लागत में कमी, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा तक पहुंच में आसानी,विशेष रूप से साप्ताहिक हाट और मंडी के दिनों में स्थानीय व्यापार को बढ़ावा साथ ही महिलाओं और वृद्ध जनों की आवाजाही में सुधार हुआ । जबकि विद्युत पहुंच और ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में पूर्व की स्थिति में कुछ गांवों तक ही सीमित बिजली थी, वो भी बार-बार बाधित होती थी एवं कई किसान सिंचाई के लिए डीज़ल पंप का उपयोग करते थे और बिजली की कमी से छोटे व्यवसाय और शिक्षा प्रभावित होते थे। जबकि 2010 के बाद से अमुलचुक परिवर्तन आया जैसे कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY) और सौभाग्य योजना के तहत लगभग 100% गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है।कई ग्राम पंचायतों में ट्रांसफार्मर, फीडर, और सोलर लाइटिंग की स्थापना हुई है।स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों का भी विद्युतीकरण किया गया है साथ ही ग्रामीण घरों में अब बत्तियाँ, पंखे, टीवी, और मोबाइल चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध है। इस के प्रभाव स्वरूप पाया गया कि छात्रों के लिए रात में पढ़ाई की सुविधा में सुधार हुआ ,सिंचाई पंप, चारा कटर और अन्य विद्युत उपकरणों का खेतों में उपयोग सामान्य हुआ,ग्रामीण उद्यमों की वृद्धि: वेल्डिंग की दुकानें, आटा चक्की, मोबाइल रिपेयर सेंटर साथ ही महिलाओं की घर-आधारित डिजिटल कार्यों (जैसे: सिलाई, व्हाट्सऐप पर बिक्री) में भागीदारी बढ़ी।

यहाँ यह चर्चा करना अति आवश्यक है कि डिजिटल संपर्क और सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना के अध्यन में देख गया कि डिजिटल विभाजन (2015 से पहले) अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज बहुत कमजोर था,बहुत कम लोग स्मार्टफोन या कंप्यूटर का उपयोग करते थे और सरकारी संचार अधिकतर ऑफलाइन या कागजी होता था परन्तु डिजिटल इंडिया मिशन के बाद (2015 से वर्तमान तक) मोबाइल टावर और 4G नेटवर्क का विस्तार हुआ साथ ही पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) की स्थापना कि गयी एवं अधिकांश घरों में अब स्मार्टफोन और मोबाइल इंटरनेट की सुविधा है और किसान mKisan, किसान सुविधा और मौसम पूर्वानुमान जैसे ऐप्स का उपयोग करते हैं।

अवसंरचना में बदलाव अध्ययन की तुलनात्मक तालिका

अवसंरचना तत्व	2000 से पहले की स्थिति	वर्तमान स्थिति (2020 के दशक)
सड़कें	कच्ची, मौसमी सड़कें	पक्की, ऑल वेदर सड़कें (PMGSY के अंतर्गत)
बिजली	सीमित, अविश्वसनीय	लगभग सार्वभौमिक पहुंच, सौर ऊर्जा प्रयास
इंटरनेट/डिजिटल	दुर्लभ, स्मार्टफोन नहीं	4G कनेक्टिविटी, स्मार्टफोन की पैठ
परिवहन	कुछ बसें, बैलगाड़ी आदि	ऑटो, ट्रैक्टर, दोपहिया, ई-रिक्शा
सार्वजनिक सेवाएं	ऑफलाइन, कागजी	ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन शिकायत समाधान प्रणाली

आज़मगढ़ के ग्रामीण अवसंरचना में एक मौन क्रांति चल रही है। सड़क, बिजली और डिजिटल संपर्क ने न केवल जीवन को सरल बनाया है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्यम के नए रास्ते भी खोले हैं। हालांकि, इस विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाए रखने के लिए रखरखाव, प्रशिक्षण और जागरूकता पर निरंतर ध्यान देना आवश्यक है। आजमगढ़ में प्रवासन एक ओर ग्रामीण संकट का परिणाम है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक उन्नति का साधन भी। रेमिटेंस ने ग्रामीण जीवन को सुधारा है, लेकिन इससे जुड़ी सामाजिक और आर्थिक असंतुलन को संबोधित करना आवश्यक है। संतुलित ग्रामीण विकास के लिए स्थानीय रोजगार, शिक्षा, और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करना अनिवार्य

है ताकि प्रवासन मजबूरी नहीं बल्कि एक विकल्प बने। सरकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम आवास योजना, पीएमजीएसवाई और जल जीवन मिशन ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रहे हैं हाल के वर्षों में, सरकारी योजनाओं ने आजमगढ़ के ग्रामीण विकास को एक नई दिशा दी है। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने रोजगार, आवास, संपर्क और जल जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया है। हालांकि इनका कार्यान्वयन हर गांव या ब्लॉक में समान नहीं है, लेकिन इन योजनाओं का समग्र प्रभाव ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में बड़ा बदलाव लाया है। सरकारी योजनाएँ आजमगढ़ के ग्रामीण विकास की रीढ़ बन गई हैं। हालांकि कार्यान्वयन में कमियाँ हैं, फिर भी इनका सामूहिक प्रभाव गरीबों और हाशिए पर खड़े समुदायों के जीवन स्तर में बदलाव लाने वाला है। यदि इन योजनाओं में स्थानीय भागीदारी, प्रभावी निगरानी, और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तो ये योजनाएँ ग्रामीण आजमगढ़ को समावेशी विकास का मॉडल बना सकती हैं।

6. विश्लेषण

जिले आजमगढ़ के ग्रामीण विकास एवं कृषि में एक पारस्परिक संबंध देखा गया। ग्रामीण विकास में कृषि का विशेष योगदान के साथ अन्य कारकों का सहभागिता का विश्लेषण निम्न प्रकार किया गया हैं-

- ग्रामीण विकास असमान रूप से हो रहा है – कुछ क्षेत्रों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है, जबकि अन्य क्षेत्र पीछे रह गए हैं।
- ग्रामीण विकास के साथ जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव भी अब सामने आने लगे हैं।
- प्रवासन एक दोधारी प्रक्रिया है – एक ओर रिमिटेंस (धन प्रेषण) से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक ताना-बाना कमजोर होता जा रहा है।
- प्रशासनिक अक्षमता और ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति जागरूकता की कमी सतत विकास में बड़ी बाधाएँ हैं।

7. निष्कर्ष एवं सुझाव

आजमगढ़ जिले का ग्रामीण परिदृश्य पिछले दो दशकों में गंभीर रूप से बदल गया है। परंपरागत आजीविका के तरीके, विशेषकर कृषि, अब आत्मनिर्भर खेती से वाणिज्यिक और बाजार केंद्रित खेती की ओर मुड़ चुके हैं। इस बदलाव में सरकारी नीतियाँ, प्रवासी मजदूरी द्वारा भेजा गया धन, संचार एवं तकनीक की पहुंच, और शिक्षा जैसे कारक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है—सड़कों, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। शिक्षा के स्तर में विशेषकर महिलाओं और युवाओं में सुधार देखा गया है।

लेकिन इन सकारात्मक परिवर्तनों के साथ कई पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियाँ भी उत्पन्न हो रही हैं। रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग, भूजल का क्षरण, मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट, और भूमि उपयोग में असंतुलन जैसे मुद्दे अब सतत विकास के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। सामाजिक दृष्टि से भी, बढ़ती आकांक्षाएँ और प्रवासन के कारण सामुदायिक ढांचे में टूटन दिखाई दे रही है। यह अध्ययन इस ओर संकेत करता है कि विकास समान नहीं है—कुछ गाँव तेज़ी से प्रगति कर रहे हैं, जबकि कुछ आज भी पिछड़े हुए हैं। इसके साथ-साथ यदि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पर्यावरणीय क्षरण समय रहते नहीं रोका गया, तो दीर्घकालीन लाभ खतरे में पड़ सकते हैं।

इसलिए ज़रूरी है कि विकास भौगोलिक रूप से संवेदनशील, समावेशी, और सतत (सस्टेनेबल) हो। योजना निर्माण नीचे से ऊपर (bottom-up) के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए, जिसमें स्थानीय समुदायों की भागीदारी, GIS जैसी तकनीकों का उपयोग, और प्राकृतिक संसाधनों की सीमा का सम्मान किया जाए। इसी संतुलित दृष्टिकोण से ही

आजमगढ़ में ग्रामीण विकास वास्तव में परिवर्तनकारी और दीर्घकालीन सिद्ध हो सकेगा।आजमगढ़ में ग्रामीण विकास से तेजी से सामाजिक, आर्थिक और बुनियादी ढांचे में परिवर्तन आया है।परन्तु इस परिवर्तन के साथ ही पर्यावरणीय चुनौतियाँ भी बढ़ती जा रही हैं।इसलिए विकास की दिशा में संतुलित और सतत दृष्टिकोण आवश्यक है, ताकि ग्रामीण आजीविका में सुधार करते हुए प्राकृतिक संतुलन भी बनाए रखा जा सके।

संदर्भ सूची

1. भारत सरकार की जनगणना रिपोर्ट्स (2001, 2011, 2021 अनुमान)।
2. आजमगढ़ जिला सांख्यिकी पुस्तिका।
3. भारत सरकार की योजना आयोग रिपोर्ट्स।
4. इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली में प्रकाशित शोध लेख।
5. स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) की रिपोर्टें व कृषि एवं पर्यावरणीय मूल्यांकन।
6. Ahmed E. (1994) - rural settlement in the United Province of Agra and Awadh Unpublished Ph.D. Thesis University of London.
7. Alka Gautam - Economic Geography.
8. Dr. Kullar: Comprehensive Geography of India.
9. Nandini Francis, sustainable Rural development through Agriculture: An answer to economic development in India, International Journal of Current Research Vol. 7, issue, 03, pp. 13614-13618, March, 2015.
10. Yadav, Mahendra, Kheraj, and Gloria Kuzur. 2025. "Livelihood Challenges and Transitions: Evaluating the Effects of Land Acquisition in Azamgarh, Uttar Pradesh, India". *Asian Journal of Geographical Research* 8 (3):49-62. https://doi.org/10.9734/ajgr/2025/v8i3275.